देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 29.11.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– विकसित भारत का मार्ग लोगों की एकता में निहित है।
- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने हरिद्वार, पंतनगर और औली में अत्याधुनिक मौसम पूर्वानुमान राडार स्थापित करने की घोषणा की।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए हनी क्रांति, एरोमा क्रांति, मिलेट क्रांति, स्वयं सहायता समूह क्रांति और होमस्टे क्रांति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।
- वर्तमान वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी में आठ दशमलव दो प्रतिशत की वृद्धि।
- और, 56वां अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव, कल देर शाम गोवा के पणजी में भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत का मार्ग लोगों की एकता में निहित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनेक कठिन परिस्थितियों के बावजूद, गोवा ने अपनी मूल संस्कृति को संरक्षित तो रखा ही है, समय के साथ उसका कायाकल्प भी किया है। गोवा के कैनाकोना में श्री संस्थान गोकर्ण पर्तगाली जीवोत्तम मठ के कार्यक्रम में श्री मोदी ने समाज के लिए इस ऐतिहासिक मठ के सतत योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पर्तगाली में प्रभु श्री राम की 77 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया।

इससे पहले, कर्नाटक के उडुपी में श्री कृष्ण मठ में लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने देशवासियों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, बाजरे का इस्तेमाल करके स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, तेल का इस्तेमाल कम करने और योग को अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाने की अपील की।

विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने देहरादून में आयोजित विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन में घोषणा की कि हरिद्वार, पंतनगर और औली में अत्याधुनिक मौसम पूर्वानुमान राडार स्थापित किए जाएंगे, जो राज्य में मौसम संबंधी चेतावनी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाएंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए "4पी मंत्र Predict, Prevent, Prepare और Protect" के आधार पर 10 सूत्रीय एजेंडा लागू किया गया है। श्री धामी ने कहा कि यह व्यापक दृष्टिकोण न केवल जोखिमों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करता है, बल्कि आपदा प्रबंधन तंत्र को नई मजबूती प्रदान करता है।

जीडीपी

भारत के सकल घरेलू उत्पाद – जीडीपी में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 8 दशमलव दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आँकड़ों के अनुसार जुलाई–सितंबर तिमाही में वास्तविक जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई क्योंकि जीएसटी दर में कटौती के बाद खपत में वृद्धि की उम्मीद में कारखानों ने उत्पादन बढ़ा दिया। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7 दशमलव आठ प्रतिशत दर्ज की गई थी।

राजभवन

देहरादून स्थित राजभवन में उत्तराखण्ड में सुरक्षा और पर्यावरण चुनौतियां तथा पर्यटन विषय पर विचार–विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए हनी क्रांति, एरोमा क्रांति, मिलेट क्रांति, स्वयं सहायता समूह क्रांति और होमस्टे क्रांति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए देवभूमि के प्राचीन संतों के आदर्शों का अनुसरण करने और पर्यटन विकास के लिए अतिथि देवो भवः की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि सभी को यह समझना चाहिए कि यदि राष्ट्र होगा तो समाज होगा और समाज होगा तो परिवार सुरक्षित रहेगा।

राज्यपाल ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2014 के बाद देश की शीर्ष नेतृत्व ने आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में दृढ़ता के साथ कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

56वां अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव

56वां अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव, कल देर शाम गोवा के पणजी में भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने अपने संबोधन में कहा कि IFFI ने न केवल फिल्म निर्माताओं और रचनाकारों को मंच प्रदान किया है, बल्कि तिरंगे को वैश्विक स्तर तक पहुँचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने फिल्मों के जरिए बढ़ते क्रिएटिव बिज़नेस और उसकी उपयोगिता की सराहना करते हुए कहा कि सिनेमा आज भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक शक्ति दोनों को मजबूत कर रहा है।

महानिदेशक सूचना

सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने जिला सूचना अधिकारियों को सरकार की जन–कल्याणकारी कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी जन–जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मीडिया से बेहतर समन्वय बनाए रखने और पत्रकारों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के भी निर्देश दिए।

राजधानी देहरादून में आयोजित बैठक में महानिदेशक ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार को सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी समन्वित रूप से कार्य करें तथा यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं से संबंधित सभी सूचनाएँ स्पष्ट, सटीक और समय पर जनता तक पहुँचें।

जांच

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशासकीय और वित्तीय अधिकारों के दुरुपयोग से जुड़े मामले में उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय से संबंधित प्रकरण की सतर्कता विभाग से खुली जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में विगत वर्षों में 13 करोड 10 लाख रुपये के भुगतान में प्रशासकीय व वित्तीय अधिकारों के दुरूपयोग का मामला सामने आया था। शासन ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने का प्रस्ताव भेजा था।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

भारत की बढ़ती जीडीपी को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रथम पृष्ट पर प्रकाशित किया है। इस खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहा भारत, जुलाई– सितंबर में आठ दशमलव दो फीसदी रही विकास दर।

अमर उजाला का शीर्षक– टैरिफ बेअसर .... आठ दशमलव दो फीसदी की दर से बढ़ी जीडीपी।

वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले  अर्द्धकुभ पर हिन्दुस्तान लिखता है– हरिद्वार अर्द्धकुंभ में पहली बार अमृत शाही स्नान। 1 जनवरी से 30 अप्रैल तक अर्द्धकुंभ मेले का आयोजन।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हवाले से राष्ट्रीय सहारा लिखता है– अमेरिका में तीसरी दुनिया के देशों के प्रवासियों पर लगेगी रोक